प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रसंख्या–एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / जे0एस0वाई0 / 8–9 / 2016–17 / 1617–2 दिनांक 2 06.2016

**विषयःराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत ''जननी सुरक्षा योजना'' के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2016–2017 में धनराशि की प्रथम किश्त के आबंटन के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

वर्ष 2016–17 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य कार्ययोजना भारत सरकार के पास अनुमोदनार्थ प्रेषित है। आप अवगत हैं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शासनादेश सं0–जी0आई0 136 / 5–9–07–9 (113) / 05 टी0सी0 दिनांक 08.06.2007, शासनादेश सं0–3668 / 5–9.7–9(113) / 2005, दिनांक 19.01.2008 तथा शासनादेश सं0– 3667 / 5–9–08–9 (113) / 05, दिनांक 05.03.2008 के अधीन ''जननी सुरक्षा योजना'' संचालित की जा रही है। वर्ष 2016–17 में गत वर्ष की भांति जननी सुरक्षा योजना के संचालन हेतु प्रथम त्रैमास (अप्रैल से जून 2016) की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है तथा तद्सम्बन्धी दिशा–निर्देश प्रेषित हैं।

**1. गर्भवती महिलाओं का एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन–**

भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 01 अप्रैल 2016 से जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत भुगतान हेतु लाभार्थियों का एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य कर दिया गया है जिससे कि जननी सुरक्षा योजना का भुगतान उन्हीं लाभार्थियों को दिया जायेगा जिनका एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हुआ हो। अतः सभी जे0एस0वाई0 के लाभार्थियों का भुगतान किये जाने हेतु वी0एच0एन0डी0 के समय चिन्हित सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का भी एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य है। इसी के साथ प्रसव पूर्व जाँचों के आधार पर प्रत्येक लाभार्थी का अपडेशन भी सुनिश्चित किया जाये।

**2. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि का प्राविधान–**

वर्तमान में शासनादेश सं0– 3667 / 5–9–08–9 (113) / 05, दिनांक 05.03.2008 द्वारा जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों एवं शासनादेश संख्या–657 / पॉच–9–2013–9(113) / 05 दिनांक 15 मई 2013 द्वारा आशा के संशोधित भुगतान के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं जिनका वित्तीय विवरण निम्नवत् है–

| क्रम सं0 | प्रोत्साहन धनराशि का प्राविधान | ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | लाभार्थी को दी जाने वाली धनराशि (रू0) | 1400.00 | 1000.00 |
| 2 | आशा को दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि (रू0) | | |
| | • राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये | 300.00 | 200.00 |
| | • लाभार्थी के एम0सी0पी0 कार्ड पर एम0सी0टी0एस0 नम्बर, मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप | 300.00 | 200.00 |
| | आशा को दी जाने वाली कुल प्रोत्साहन धनराशि (रू0) | 600.00 | 400.00 |

उपर्युक्तानुसार सभी व्यवस्थायें लागू कर लाभार्थियों एवं आशाओं को भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें।

**3. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से–**

जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान में पारदर्शिता लाने, किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता को रोकने तथा एक सुदृढ़ वित्तीय व्यवस्था स्थापित करने के लिये भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / एन0आर0एच0एम0 / 2012–13 / लेखा / पी0एफ0एम0एस0 / 187 / 50 67–2 दिनांक 04.02.2015 के द्वारा सभी भुगतान पी0एफ0एम0एस0 वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सभी लाभार्थियों / महिलाओं का 'आधार' क्रमांक और / अथवा बैंक खाते का विवरण पंजीकरण के समय अथवा एन्टीनेटल चेकअप के दौरान एम0सी0टी0एस0 डेटाबेस / एम.सी.पी. कार्ड में दर्ज कर लिये जाने का प्राविधान किया गया है।

आशा एवं ए0एन0एम0 कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती महिलाओं को सूचीबद्ध कर निकटवर्ती बैंक शाखा में बैंक खाता खुलवाने हेतु हरसम्भव प्रयास किये जायें। अपवाद स्वरूप यदि उक्त प्रयासों के बावजूद किसी महिला का गर्भावस्था के दौरान खाता नहीं खुल पाया है तो ऐसी स्थिति में जननी सुरक्षा योजना के भुगतान की राशि उक्त महिला के पति, जिनका खाता पूर्व से संचालित है के बैंक खाते में लाभान्वित महिला की सहमति से हस्तान्तरित की जाये। सुलभ सन्दर्भ हेतु प्रमुख सचिव चि0 स्वा0 एवं प0 क0 का पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / मातृ स्वा0 / जे0एस0वाई / 8–8 / 2015–16 / 8903–2 दिनांक 13.01.2016 ।

**4. मान्यता प्राप्त प्राईवेट नर्सिंग होम / चिकित्सालय में संस्थागत प्रसव कराने की व्यवस्था–**

जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या–3667 / 5–9–08–9(113) / 05 चिकित्सा अनु0–9, दिनांक 05.03.2008 के द्वारा प्राईवेट नर्सिंग होम / चिकित्सालयों को मान्यता प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है। प्राईवेट नर्सिंग होम / चिकित्सालयों में प्रसव कराने पर केवल बी0पी0एल0 श्रेणी की महिलाओं (लाभार्थी) को ही प्रोत्साहन धनराशि अनुमन्य है। मान्यता प्राप्त निजी नर्सिंग होम एवं चिकित्सालयों की जननी सुरक्षा योजना में प्रतिभागिता बढ़ाने के लिये आपरेशन द्वारा प्रसव कराये जाने पर प्रति बी0पी0एल0 महिलाओं के सिजेरियन प्रसव रू0–8000.00 की दर से भुगतान निजी नर्सिंग होम को देय होगा, जो लाभार्थी को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त होगा।

जनपदों में मान्यता प्राप्त प्राईवेट नर्सिंग होम / चिकित्सालयों की संख्या अत्यन्त कम है अतः समस्त जनपदों से अधिकाधिक प्रायवेट चिकित्सालयों / मेडिकल कॉलेजों को जननी सुरक्षा योजना का लाभ जन मानस तक पहुँचाने के लिये एक्रेडेटड किया जाना अपेक्षित है इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश http://upnrhm.gov.in/government-orders.php. के अन्तर्गत GO No 3667 REGARDING ACCREDIATION OF PRIVATE NURSING HOME UNDER JSY(MH) 05 MAR 2008 में उपलब्ध है।

**5. जनपद स्तरीय प्रशासनिक व्यय–**

जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर प्राविधानित कुल धनराशि की 4 प्रतिशत धनराशि प्रशासनिक मद के अन्तर्गत अनुश्रवण, रिपोर्टिंग, आई0ई0सी0, योजना के सुचारू कियान्वयन, वेबसाइट एवं अन्य कार्यालय व्यय हेतु अनुमन्य की गयी है। प्रशासनिक मद में उपलब्ध राशि से निम्न कार्य किए जा सकते हैं –

| क0सं0 | प्रशासनिक व्यय हेतु अनुमन्य गतिविधियाँ |
|---|---|
| 1 | जनपद के एल–1, एल–2 एवं एल–3 स्तर की प्रसव इकाइयों पर प्रसव कक्ष/ओ0टी0 एवं जे0एस0वाई0 वार्ड में मानकानुसार सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु व्यवस्था |
| 2 | जनपद में मातृ स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमों की कम्प्यूटराज्ड रिपोर्टिंग हेतु आवश्कतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था |
| 3 | जिला महिला चिकित्सालय पर सिक्योरिटी एवं सफाई की औचित्यपूर्ण वैकल्पिक व्यवस्था |
| 4 | सभी स्तरों पर जे0एस0वाई0 फार्मेट, स्टेशनरी, स्टैण्डर्ड रजिस्टर व अन्य लॉजिस्टिक आदि की व्यवस्था |
| 5 | मेडिकल कॉलेज पर सौन्दर्यीकरण/पोस्टर, जे0एस0वाई0 फार्मेट, स्टेशनरी, रजिस्टर व अन्य लॉजिस्टिक आदि की व्यवस्था |
| 6 | सभी प्रसव इकाइयों पर जे0एस0वाई0, जे0एस0एस0के0 एवं एम0डी0आर0 के प्रचार–प्रसार हेतु दीवार लेखन, पोस्टर व सौन्दर्यीकरण व्यवस्था |

इसके अतिरिक्त जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत जनपदों को उपलब्ध कराये गये 04 प्रतिशत प्रशासनिक मद से जिला संयुक्त चिकित्सालय/महिला चिकित्सालय के अंश के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/जे0एस0वाई0/8–8/2015–16/ दिनांक–29.12.2015 में दिये गये निर्देशों के अनुसार गत वर्ष 2015–16 में जनपद की जे0एस0वाई0 में कुल उपलब्धि को आधार मानते हुए उस चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज/जिला महिला चिकि0/जिला संयुक्त चि0 आदि) की जे0एस0वाई0 उपलब्धि का प्रतिशत X निकाल लिया जाय। जनपद को 2015–16 में स्वीकृत कुल प्रशासनिक धनराशि की X प्रतिशत धनराशि सम्बन्धित जिला स्तरीय चिकित्सालय को हस्तान्तरित कर दी जाये।

## 6. अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंगः–

माह की 05 तारीख तक जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी अपने जिले की जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गत माह की भौतिक प्रगति एवं व्यय का मासिक विवरण समस्त अधिकृत प्रारूपों पर (8/3, 18, 8क, 8ख, 3क, 3ख) अनिवार्य रूप से जे0एस0वाई0 प्रकोष्ठ महानिदेशक, परिवार कल्याण (mchjsy@gmail.com), उ0प्र0, वित्त नियंत्रक–एन0आर0एच0एम0 एवं महाप्रबन्धक–मातृ स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0 को निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायेंगे।

## 7. वित्तीय व्यवस्था–

वर्ष 2016–17 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य कार्ययोजना भारत सरकार के पास अनुमोदनार्थ प्रेषित है। जननी सुरक्षा योजना के निरन्तर संचालन हेतु प्रथम त्रैमास (अप्रैल से जून 2016) हेतु धनराशि जनपदों के आर0सी0एच0 फ्लैक्सीपूल खाते में अवमुक्त की जा रही है। संलग्न तालिका (संलग्नक–1) पर जनपद में आर0सी0एच0 फ्लैक्सीपूल उपलब्ध अनस्पेण्ट/अनकमिटेड की स्थिति व उनका समायोजन प्रदर्शित है। प्रथम किश्त के रूप में गत वर्ष की दरों पर ही जनपदों को धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। अवमुक्त धनराशि **संलग्न तालिका (संलग्नक–2)** का सदुपयोग उपर्युक्त दिशा–निर्देश के अनुसार करना सुनिश्चित करें, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों (घरेलू प्रसव, ग्रामीण क्षेत्रों के प्रसव, नगरीय क्षेत्रों के प्रसव, आशा को देय धनराशि, मान्यता प्राप्त निजी नर्सिंग होम/चिकित्सालयों में बी0पी0एल0 महिलाओं के सिजेरियन आपरेशन पर निजी नर्सिंग होम को प्रति प्रसव रू0–8000.00 की दर से भुगतान हेतु देय धनराशि तथा प्रशासनिक मद) हेतु अलग–अलग निर्धारित शीर्षवार, मदवार **एफ0एम0आर0 कोड संख्या-** A.1.3.1, A.1.3.2.a, A.1.3.2.b, A.1.3.2.c, A.1.3.3, A.1.3.4 के अन्तर्गत धनराशि की फांट प्रदर्शित है।

7.1. जननी सुरक्षा योजना से सम्बन्धित समस्त भौतिक एवं वित्तीय अभिलेखों का रख–रखाव नियमानुसार किया जाय।

7.2. जननी सुरक्षा योजना में प्राइवेट एक्रीडेट चिकित्सालयों में हुये बी0पी0एल0 सीजेरियन प्रसवों की रिपोर्टिंग नियमित रूप से की जाये।

7.3. धनराशि का आबंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जाये। जिस कार्यकम/मद में धनराशि आबंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।

7.4. व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियाँ, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्ति मासिक कान्करेन्ट आडिट, स्टेटच्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

7.5. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ससमय व पूरा भुगतान सुनिश्चित किया जाय। अतः आकस्मिकता की स्थिति में लाभार्थियों अथवा आशाओं के भुगतान हेतु योजना के अन्तर्गत विभिन्न मदों में उपलब्ध धनराशि का उपयोग किया जा सकता है।

7.6. जनपद स्तर पर आकस्मिकता की स्थिति में भारत सरकार द्वारा प्रेषित वित्तीय दिशा–निर्देशों के कम में रोगी कल्याण समिति/अनटाइड फण्ड से जिला स्वास्थ्य समिति की अनुमति से धनराशि उधार ली जा सकती है जो बजट प्राप्त होने के पश्चात वापस की जायगी।

7.7. उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

(आलोक कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रसंख्या–एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वा0/जे0एस0वाई0/8–9/2016–17/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2 महानिदेशक–परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3 समस्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका/अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय/जिला संयुक्त चिकित्सालय, उ0प्र0।
4 वित्त नियंत्रक–एन0आर0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5 समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक,एन0आर0एच0एम0,उ0प्र0।
6 समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।

(डॉ0 काजल )
अपर मिशन निदेशक

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | Mathura | 25326 | 20 | 25306 | 23416 | 1890 | 50 | 18271 | 0.10000 | 0.02500 | 327.82400 | 81.95600 | 18.90000 | 4.72500 | 4.00000 | 1.00000 | 109.62600 | 27.40650 | 18.25800 | 4.56450 | 119.67700 |
| 54 | Mau | 28865 | 80 | 28785 | 27765 | 1020 | 20 | 24802 | 0.40000 | 0.10000 | 388.71000 | 97.17750 | 10.20000 | 2.55000 | 1.60000 | 0.40000 | 148.81200 | 37.20300 | 21.92488 | 5.48122 | 142.91172 |
| 55 | Meerut | 26704 | 100 | 26604 | 24131 | 2473 | 100 | 18326 | 0.50000 | 0.12500 | 337.83400 | 84.45850 | 24.73000 | 6.18250 | 8.00000 | 2.00000 | 109.95600 | 27.48900 | 18.92080 | 4.73020 | 124.98520 |
| 56 | Mirzapur | 44343 | 600 | 43743 | 40576 | 3167 | 20 | 31442 | 3.00000 | 0.75000 | 568.06400 | 142.01600 | 31.67000 | 7.91750 | 1.60000 | 0.40000 | 188.65200 | 47.16300 | 31.65544 | 7.91386 | 206.16036 |
| 57 | Moradabad | 24191 | 500 | 23691 | 19433 | 4258 | 100 | 17662 | 2.50000 | 0.62500 | 272.06200 | 68.01550 | 42.58000 | 10.64500 | 8.00000 | 2.00000 | 105.97200 | 26.49300 | 16.92456 | 4.23114 | 112.00964 |
| 58 | Muzaffarnagar | 28284 | 50 | 28234 | 25406 | 2828 | 10 | 19690 | 0.25000 | 0.06250 | 355.68400 | 88.92100 | 28.28000 | 7.07000 | 0.80000 | 0.20000 | 118.14000 | 29.53500 | 20.09416 | 5.02354 | 130.81204 |
| 59 | Pilibhit | 21212 | 100 | 21112 | 19804 | 1308 | 50 | 17633 | 0.50000 | 0.12500 | 277.25600 | 69.31400 | 13.08000 | 3.27000 | 4.00000 | 1.00000 | 105.79800 | 26.44950 | 15.86536 | 3.96634 | 104.12484 |
| 60 | Pratapgarh | 49463 | 200 | 49263 | 46815 | 2448 | 50 | 41727 | 1.00000 | 0.25000 | 655.41000 | 163.85250 | 24.48000 | 6.12000 | 4.00000 | 1.00000 | 250.36200 | 62.59050 | 37.25008 | 9.31252 | 243.12552 |
| 61 | Rae Bareli | 48993 | 100 | 48893 | 46443 | 2450 | 60 | 40829 | 0.50000 | 0.12500 | 650.20200 | 162.55050 | 24.50000 | 6.12500 | 4.80000 | 1.20000 | 244.97400 | 61.24350 | 36.80704 | 9.20176 | 240.44576 |
| 62 | Rampur | 21676 | 176 | 21500 | 18516 | 2984 | 20 | 14861 | 0.88000 | 0.22000 | 259.22400 | 64.80600 | 29.84000 | 7.46000 | 1.60000 | 0.40000 | 89.16600 | 22.29150 | 15.16440 | 3.79110 | 98.96860 |
| 63 | Saharanpur | 35282 | 300 | 34982 | 29690 | 5292 | 100 | 24358 | 1.50000 | 0.37500 | 415.66000 | 103.91500 | 52.92000 | 13.23000 | 8.00000 | 2.00000 | 146.14800 | 36.53700 | 24.64912 | 6.16228 | 162.21928 |
| 64 | Sambhal | 26637 | 50 | 26587 | 25267 | 1320 | 50 | 23302 | 0.25000 | 0.06250 | 353.73800 | 88.43450 | 13.20000 | 3.30000 | 4.00000 | 1.00000 | 139.81200 | 34.95300 | 20.28000 | 5.07000 | 132.82000 |
| 65 | Sant Kabir Nagar | 33287 | 38 | 33249 | 32571 | 678 | 40 | 29085 | 0.19000 | 0.04750 | 455.99400 | 113.99850 | 6.78000 | 1.69500 | 3.20000 | 0.80000 | 174.51000 | 43.62750 | 25.49896 | 6.37474 | 166.54324 |
| 66 | Shahjahanpur | 31414 | 120 | 31294 | 25109 | 6185 | 40 | 24858 | 0.60000 | 0.15000 | 351.52600 | 87.88150 | 61.85000 | 15.46250 | 3.20000 | 0.80000 | 149.14800 | 37.28700 | 22.52496 | 5.63124 | 147.21224 |
| 67 | Shamli | 13023 | 50 | 12973 | 10368 | 2605 | 10 | 9334 | 0.25000 | 0.06250 | 145.15200 | 36.28800 | 26.05000 | 6.51250 | 0.80000 | 0.20000 | 56.00400 | 14.00100 | 9.09824 | 2.27456 | 59.33856 |
| 68 | Shrawasti | 30717 | 100 | 30617 | 30300 | 317 | 20 | 30006 | 0.50000 | 0.12500 | 424.20000 | 106.05000 | 3.17000 | 0.79250 | 1.60000 | 0.40000 | 180.03600 | 45.00900 | 24.31624 | 6.07906 | 158.45556 |
| 69 | Siddharth Nagar | 34199 | 65 | 34134 | 33238 | 896 | 40 | 29362 | 0.32500 | 0.08125 | 465.33200 | 116.33300 | 8.96000 | 2.24000 | 3.20000 | 0.80000 | 176.17200 | 44.04300 | 26.03156 | 6.50789 | 170.00514 |
| 70 | Sitapur | 84063 | 20 | 84043 | 80680 | 3363 | 40 | 71983 | 0.10000 | 0.02500 | 1129.52000 | 282.38000 | 33.63000 | 8.40750 | 3.20000 | 0.80000 | 431.89800 | 107.97450 | 63.80592 | 15.95148 | 415.53848 |
| 71 | Sonbhadra | 26235 | 100 | 26135 | 24823 | 1312 | 23 | 18361 | 0.50000 | 0.12500 | 347.52200 | 86.88050 | 13.12000 | 3.28000 | 1.84000 | 0.46000 | 110.16600 | 27.54150 | 18.85232 | 4.71308 | 123.00008 |
| 72 | SRN Bhadohi | 25746 | 40 | 25706 | 24420 | 1286 | 20 | 19711 | 0.20000 | 0.05000 | 341.88000 | 85.47000 | 12.86000 | 3.21500 | 1.60000 | 0.40000 | 118.26600 | 29.56650 | 18.92824 | 4.73206 | 123.43356 |
| 73 | Sultanpur | 42048 | 20 | 42028 | 33956 | 8072 | 60 | 35355 | 0.10000 | 0.02500 | 475.38400 | 118.84600 | 80.72000 | 20.18000 | 4.80000 | 1.20000 | 212.13000 | 53.03250 | 30.73336 | 7.68334 | 200.96684 |
| 74 | Unnao | 42847 | 60 | 42787 | 35504 | 7283 | 20 | 32904 | 0.30000 | 0.07500 | 497.05600 | 124.26400 | 72.83000 | 18.20750 | 1.60000 | 0.40000 | 197.42400 | 49.35600 | 30.70440 | 7.67610 | 199.97860 |
| 75 | Varanasi | 41115 | 25 | 41090 | 35740 | 5350 | 100 | 30857 | 0.12500 | 0.03125 | 500.36000 | 125.09000 | 53.50000 | 13.37500 | 8.00000 | 2.00000 | 185.14200 | 46.28550 | 29.56508 | 7.39127 | 194.17302 |
| | **Total** | **2700000** | **8672** | **2691328** | **2408288** | **283040** | **3364** | **2094606** | **43.36000** | **10.84000** | **33716.03200** | **8429.00800** | **2830.40000** | **707.60000** | **269.12000** | **67.28000** | **12567.63600** | **3141.90900** | **1966.29712** | **491.57428** | **12848.21128** |

25.5.16